# बिहार सरकार
# भवन निर्माण विभाग

पत्रांक–डी०डी०–I–विविध–111/42/2022-23(पार्ट–5)........ पटना, दिनांक–...............

प्रेषक,

राकेश कुमार,
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

सेवा में,

कार्यपालक अभियंता (विद्युत सहित),
सभी भवन प्रमंडल,
भवन निर्माण विभाग, बिहार।

विषयः– व्यवहार न्यायालय एवं अधीनस्थ न्यायालयों की सुरक्षा से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के संबंध में।

महाशय,

दिनांक–16.10.2023 को सम्पन्न माननीय पटना उच्च न्यायालय के कोर्ट प्रबंधन प्रणाली समिति एवं सुरक्षा समिति की संयुक्त बैठक में प्राप्त निदेश के आलोक में निदेश है कि निम्न बिन्दुओं पर प्रतिवेदन एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जायः–

i) माननीय पटना उच्च न्यायालय के पत्रांक–21332–21410, दिनांक–26.04.2020 के आलोक में व्यवहार न्यायालय एवं अधिनस्थ न्यायालयों में विगत पाँच वर्षों में जिला एवं अनुमंडलीय न्यायालय भवनों एवं परिसर की सुरक्षा से संबंधित कौन–कौन से कार्य कराये गये है, तथा उनमें कितनी–कितनी राशि व्यय हुई। साथ ही न्यायालय के सुरक्षा से संबंधित कौन–कौन से कार्य प्रगति पर हैं, तथा उनकी लागत राशि कितनी है ?

ii) परिसर के चाहरदिवारी की स्थिति, उसकी ऊँचाई एवं उस पर Fencing की स्थिति।

iii) न्यायालय परिसर में प्रवेश एवं निकास द्वार की स्थिति।

iv) न्यायालय परिसर में वाहन पार्किंग की स्थिति।

v) न्यायालय परिसर में भवन के चारो तरफ अग्निशमन वाहनों के आने–जाने हेतु मार्ग की उपलब्धता की स्थिति।

vi) न्यायालय भवनों में अग्नि सुरक्षा ऑडिट के अनुपालन की स्थिति।

विश्वासभाजन

ह०/–
(राकेश कुमार)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक– दिनांक–

प्रतिलिपिः– सभी मुख्य अभियंता, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/सभी अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, भवन निर्माण विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक– 8566 (भ) दिनांक– 18/10/23

प्रतिलिपिः– आई०टी० मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

18/10/23

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

18/10/23

DMC-02